देश-विदेश

सेहत

जीरे से एक पाचक चूर्ण आप घर में बनाकर रखिये-जीरा सौंफ धनिया 50-50 ग्राम लीजिये और भून लीजिये फिर इसमें 50 ग्राम अनारदाना ,25 ग्राम काला नमक, 10 ग्राम सेंधा नमक मिलाइये और सबके वजन के बराबर चीनी मिलाइये। एक साथ महीन पीस लीजिये अब इस मिश्रण में 3 नीबू का रस मिला दीजिये। तैयार हो गया पाचक चूर्ण। सुबह शाम 1-1 चम्म्च खाइये या आवश्यकतानुसार खाइये।

मीठी चटनी

चिनप्पा देवर की फिल्म मां की शूटिंग हो रही थी। जंगल कर दृश्य था। देवर ने दृश्य को समझाते हुए धमेन्द्र से कहा- देखो धर्म, यह चीता पलट कर तुम्हारी ओर झपटेगा, तुम्हें तुरन्त जीप से कूदकर उससे भिड़ जाता है समझ गये ना? हां, मैं तो समझ गया, धमेन्द्र ने मुस्कुराते हुए कहा- पर क्या चीता भी समझ गया?

इजरायल का ईरान पर सायबर हमला

बर्बाद किए ईरान के परमाणु ठिकाने

तेहरान। इजरायल और उसके धुर विरोधी ईरान के बीच साइबर अटैक चरम पर है। ताजा घटना में इजरायल ने जोरदार साइबर हमला करके ईरान के परमाणु ठिकानों में दो विस्फोट करा दिए। इनमें से एक यूरेनियम संवर्धन केंद्र है और दूसरा मिसाइल निर्माण केंद्र। यही नहीं, इजरायल ने अपने घातक एफ-35 फाइटर जेट की मदद से ईरान के पर्चिन इलाके में मिसाइल निर्माण स्थल पर धावा बोला और उसे बर्बाद कर दिया। कुवैती अखबार अल जरीदा की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना पिछले सप्ताह हुई। अखबार ने बताया कि इजरायल के साइबर हमले से गुरुवार को ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र में आग लग गई और जोरदार विस्फोट हुआ। यह पूरा केंद्र जमीन के अंदर बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि इस इजरायली हमले के बाद अब ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब दो महीने पीछे चला गया है। अल जरीदा ने बताया कि पिछले शुक्रवार को इजरायल के एफ-16 स्टील्थ फाइटर जेट ने पर्चिन इलाके में स्थित एक ईरानी ठिकाने पर धावा बोला और कई बम गिराए थे। माना जाता है कि यह मिसाइल उत्पादन केंद्र था। दरअसल, इजरायल का कहना है कि ईरान अपने हथियार और मिसाइलें

लगातार उन्नत बना रहा है और वह इसे यहूदियों के विरोधी हिज्बुल्ला को सप्लाई कर रहा है। इन दोनों ही हमले की इजरायल ने पुष्टि नहीं की है। इससे पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि ईरान ने अप्रैल महीने में इजरायल के पानी के सप्लाई को हैक करने की कोशिश की थी। ईरान के इस हमले को इजरायल के साइबर डिफेंस ने असफल कर दिया था। अगर ईरान अपने इस प्रयास में सफल हो जाता तो पानी के अंदर क्लोरीन की मात्रा खतरनाक स्तर तक बढ़ जाती। पूरे देश में पानी का संकट भी खड़ा हो जाता।

चीन से लगातार बढ़ रहा है तनाव

अमेरिका ने भेजे दक्षिण चीन सागर में दो युद्धपोत

वाशिंगटन। अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में परमाणु शक्ति से लैस दो विमानवाहक युद्धपोत भेजे हैं। वाल स्ट्रीट जरनल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार से इस इलाके में अमेरिकी नौ सेना अपने सबसे शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर, यूएसएस निमित्ज़ और यूएसएस रोनाल्ड रीगन के साथ युद्ध अभ्यास करेगी। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में अपनी मौजूदगी इस इलाके में

चीन की बढ़ती गतिविधियों के चलते बढ़ाई है। नौ सेना का कहना है कि यह युद्ध अभ्यास फ्री एंड ओपन इंडो-पैसेफिक रणनीति को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। अमेरिका की इस रणनीति का उद्देश्य इस जलक्षेत्र में व्यापारिक परिवहन को सुगम बनाए रखना है। बीते कुछ समय से चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी इस विवादित जल क्षेत्र में लगातार सैनिक अभ्यास कर रही है, जिस पर पड़ोसी देश आपत्ति जताते रहे हैं। बीते हफ्ते फिलीपीन्स और वियतनाम ने आसियान के एक आयोजन में दक्षिण-पूर्व एशिया में चीन के कारण असुरक्षा और तनाव का माहौल बनने को लेकर चिंता जताई थी।

ओली का इस्तीफे से इंकार

पार्टी की स्थायी समिति की बैठक स्थगित

काठमांडू। नेपाल में राजनीतिक संकट अब और ज्यादा गहरा गया है। शनिवार को होने वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की स्थायी समिति की बैठक टल गई है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से नहीं मिलने पहुंचे हैं। इसी के साथ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी विभाजन की ओर बढ़ती दिख रही है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। प्रचंड और ओली के बीच तीन घंटे बैठक तक बैठक हुई थी, इसके बाद भी दोनों के बीच कोई समझौता नहीं हुआ था। शनिवार सुबह 9 बजे से प्रधानमंत्री और प्रचंड के बीच बैठक होनी थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बेटियों ने फिर बाजी.

इस बार कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। उल्लेखनीय हे कि इस शैक्षणिक सत्र में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में करीब 11.29 लाख छात्र बैठे थे। परिणाम की घोषणा दोपहर 12 बजे की गई। गत वर्ष एमपी बोर्ड10वीं में 61.32 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। वर्ष 2017-18 में 10वीं का रिजल्ट 70.73 विद्यार्थी पास हुए थे। अपना रिजल्ट एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कक्षा 12वीं का रिजल्ट जुलाई के तीसरे सप्ताह में आएगा। 30 साल में पहली बार है, जब मंडल 10वीं और 12वीं का रिजल्ट अलग-अलग घोषित कर रहा है। पहली बार कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया।

भोपाल की कर्णिका.

आया, तब तक मां ड्यूटी पर चली गई थीं। कर्णिका को उनके घर आने का इंतजार है, ताकि वह मां को गले लगा सकें। कर्णिका ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने से पिता की मौत के बाद मां ने ही सब कुछ संभाला। मां और नानी ही उसके लिए सब कुछ हैं। मां सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ड्यूटी पर रहती हैं। उन्हें तो अभी इसके बारे में पता तक नहीं है। मैंने कभी भी पढ़ाई सिर्फ नंबर के लिए नहीं की। नॉलेज के लिए पढ़ाई करती हूं। सालभर रोजाना सुबह से शाम तक 3 से 4 घंटे नियमित पढ़ाई करती हूं। परीक्षा के दौरान भी इसी तरह पढ़ाई करती हूं। इससे अचानक कोई बोझ नहीं होता। इससे कुछ भूलने की घबराहट भी नहीं होती। मां और नानी ने पढ़ाई के लिए कभी भी प्रेशर नहीं डाला। मुझे पढ़ना अच्छा लगता है, क्योंकि उससे सीखने को मिलता है। अगला लक्ष्य एमपी पीएससी पास करना है। इसके लिए पीसीएम विषय से आगे की पढ़ाई करूंगी।

बगैर ढोल-ढमाकों..

का परीक्षा परिणाम बगैर किसी ढोल-धमाके के जारी हो गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऑनलाइन ही परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसके पहले तक परीक्षा परिणाम मंत्री और मुख्यमंत्री ही जारी करते रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तो सीएम हाउस में प्रदेश के टॉपर्स को बुलाकर उनके सामने परीक्षा परिणाम जारी करते थे। कहीं भी कोई भीड़ देखने को नहीं मिली, स्कूलों में जरूर चहल-पहल रही।

विधायक रामेश्वर शर्मा....

प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति की गई है। रामेश्वर शर्मा भोपाल जिले की हुजूर विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल विस्तार में शर्मा को मंत्री पद नहीं मिल पाने की वजह से वह थोड़े नाराज भी चल रहे थे, ऐसे में पार्टी ने उन्हें प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करके साधने की कोशिश की है। माना जा रहा है कि शर्मा को पार्टी ने उनके जन्मदिन के ठीक एक दिन पहले प्रोटेम स्पीकर बनाया है।

मप्र मंत्रिमंडल में....

चार राज्यमंत्रियों को काम देना है। इसके अलावा कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद मंत्री बनाए गए बिसाहूलाल सिंह, एंदल सिंह कंसाना और हरदीप डंग भी कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। लिहाजा, मुख्यमंत्री के सामने यह मुश्किल है कि कामकाज कैसे बांटें। नए सिरे से होमवर्क होने की संभावना है, ऐसे में मौजूदा 5 कैबिनेट मंत्रियों नरोत्तम मिश्रा, तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, कमल पटेल और मीना सिंह में से कुछ के कामकाज में बदलाव हो सकता है। पिछली कमलनाथ सरकार में सिंधिया खेमे के पास स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, परिवहन, श्रम और खाद्य विभाग थे। शिवराज सरकार में भी इसमें से कुछ विभाग सिंधिया खेमे के पास ही रह सकते हैं। हालांकि किस मंत्री को कौन सा विभाग मिलेगा, यह मुख्यमंत्री तय करेंगे। अभी सिंधिया समर्थकों गोविंद सिंह राजपूत खाद्य व सहकारिता मंत्री और तुलसी सिलावट के पास जल संसाधन है। राजपूत से एक विभाग कम किया जा सकता है।

विकास दुबे का....

शुक्रवार को बिकरू गांव स्थित विकास के घर को पुलिस ने तहस-नहस कर दिया था। घर में सारा सामान उलट-पलट करने के बाद खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए गए थे। अंदर घुसते ही एक कमरे में विकास के बीमार पिता बेड पर लेटे हुए थे. काफी कोशिशों के बावजूद वह बात नहीं कर पाए। बताया जाता है कि उन्हें बोलने में कुछ दिक्कत है। घर के आंगन में मौजूद नौकरानी रेखा के साथ उसके 2 बच्चे मौजूद थे। रेखा का दावा है कि रात में विकास घर पर नहीं थे. न ही कोई बाहर से आया था।

भगवान बुद्ध आज भी....

के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इसे गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह हमारे गुरुओं को याद करने का दिन है, जिन्होंने हमें ज्ञान दिया। उस भावना से, हम भगवान बुद्ध को श्रद्धांजलि देते हैं। भगवान बुद्ध का आठ गुना मार्ग दुनिया के कई समाज और देशों को कल्याण की दिशा में रास्ता दिखाता है। यह करुणा और दया के महत्व को समझाता है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं विचार और काम दोनों में काम आती हैं। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन से धम्म चक्र दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अब हीरो साइकिल ने.

करते हुए उसके साथ 900 करोड़ का कारोबार रद्द कर दिया, जो आने वाले 3 महीनों में किया जाना था। दूसरी ओर हीरो कंपनी लुधियाना में साइकिल के पुर्जे बनाने वाली छोटी कंपनियों की मदद के लिए आगे बढ़ी है और उन्हें खुद में मर्ज करने का ऑफर दे रही है। हीरो साइकिल ने चीन के साथ हर तरह का व्यापार बंद कर दिया है। साथ ही अब हीरो साइकिल जर्मनी में प्लांट लगाने की तैयारी कर रही है। जर्मनी के इस प्लांट से पूरे यूरोप में हीरो साइकिल की सप्लाई की जाएगी। कंपनी के मुताबिक पिछले दिनों में हीरो साइकिल की मांग काफी बढ़ी है और हीरो साइकिल ने भी अपनी क्षमता बढ़ाई है। हालांकि, ये ध्यान देने वाली बात है कि इस दौरान बहुत सी छोटी कंपनियों को नुकसान हुआ है। अब हीरो साइकिल उन छोटी कंपनियों के नुकसान की भरपाई कर रही है।

चीनी घुसपैठ के....

और सरकार से अपनी बात सुनने को कह रहे हैं। उनकी चेतावनी को नजरअंदाज करना भारत को महंगा पड़ सकता है। गांधी ने एक मीडिया रिपोर्ट को साझा किया, जिसमें कुछ लद्दाखियों आरोप लगा रहे हैं कि चीन ने लद्दाख में भारतीय क्षेत्र पर कब्जा किया है। राहुल ने ट्वीट कर कहा, देशभक्त लद्दाखी चीनी घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। वे एक चेतावनी के खिलाफ चिल्ला-चिल्लाकर बता रहे हैं। उनकी चेतावनी को अनदेखा करना भारत को महंगा पड़ेगा। भारत की खातिर, कृपया उनकी बात सुनें। गांधी पूर्वी लद्दाख में जारी भारत-चीन गतिरोध को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। इससे पहले 28 जून को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि देश की रक्षा और सुरक्षा के बारे में कब बात होगी। उन्होंने हिंदी में ट्वीट कर कहा था, कब होगी राष्ट्र रक्षा और सुरक्षा की बात? राहुल गांधी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ गतिरोध और भारतीय क्षेत्र में चीन की घुसपैठ के आरोपों पर सरकार से कड़े सवाल पूछते रहते हैं और प्रधानमंत्री से उनका जवाब मांगते रहते हैं। वहीं 26 जून को राहुल गांधी ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी चीन गतिरोध के बारे में सच बोलें और अपनी जमीन वापस लेने के लिए कार्रवाई करें तो पूरा देश उनके साथ खड़ा होगा। उन्होंने कहा था कि सीमा पर संकट के समय सरकार अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि क्या वह इस विषय पर देश को विश्वास में लेंगे?

पन्ना में चार कोरोना...

व्यक्तियों को रखा गया है। वहीं 21 कान्टेमेंट क्षेत्र घोषित हैं। जिले में कुल होम क्वारेंटाइन 1552 व्यक्तियों को किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल.के. तिवारी द्वारा बताया गया कि कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में निरंतर कार्यवाही जारी है।

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे..

गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब हो कि खैरलांजी थाना क्षेत्र के गुनई रेतघाट में विगत 25 जून को रेतघाट कर्मी अजय पिता शंकरलाल लिल्हारे के साथ मारपीट मामले में खैरलांजी पुलिस ने शिकायत पर आरोपी पूर्व सांसद एवं विधायक कंकर मुंजारे के अलावा इंदु लिल्हारे, अजय उर्फ छोटू लिल्हारे और गुड्डु उर्फ खेमराज नगपुरे सहित अन्य के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 323, 327, 506 के तहत अपराध कायम किया था। जिसमे पुलिस ने घटना दिनांक को ही आरोपी अजय उर्फ छोटू लिल्हारे को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि गुड्डू उर्फ खेमराज नगपुरे को महाराष्ट्र के गंगाझरी थाने के ढकनी से गिरफ्तार किया था और पूर्व सांसद और विधायक कंकर मुंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बिहार में वज्रपात....

इसके अलावा दर्जनों लोग आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गए हैं। सासाराम-रोहतास में ठनका गिरने से चार लोगों की मौत हूई है। करगहर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में तीन लोगों की जबकी चेनारी थाना के खुर्माबाद गांव में एक किसान की मौत हूई है। वहीं भभुआ में भी वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हुई है। बेलांव थाना क्षेत्र के सोनाव गांव में ठनका गिरने से 45 वर्षीय किसान सत्येंद्र माली की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वह अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे। इसके अलावा भगवानपुर थाना क्षेत्र की हनुमान घाटी के पास बकरी चरा रहे टोड़ी गांव के 45 वर्षीय नसीम अंसारी की मौत हो गई, जबकि 14 वर्षीय वशिष्ठ राम झुलस गया। सारण जिले में मिली जानकारी के अनुसार मढ़ौरा के नरहरपुर और नथुआ में शनिवार को खेत मे काम करने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला व एक पुरूष सहित कुल दो लोगों की मौत हो गई। नथुआ निवासी अमेरिका सिंह के बेटे करीब 35 वर्षीय चन्दन सिंह अपने घर के पास खेत मे काम कर रहे थे। इस बीच तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसके चपेट में वे आ गए और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह सबकुछ अचानक और इतनी तेजी से हुआ कि चन्दन को सम्भलने व भागने का मौका भी नही मिल सका। घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा सीओ ओमप्रकाश गौरा ओपी पुलिस के साथ वहां पहुचे और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर चन्दन के शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

अब तक 700 करोड़....

किशोर वाधवानी से जुड़ी बताई जा रही हैं। विभाग ने इस कार्रवाई के दौरान किशोर वाधवानी, संदीप माटा, विजय नायर, अशोक डागा और अमित बोथरा को गिरफ्तार किया। अब इस रैकेट में सात और लोगों की तलाश है, जिसमें कंपनी डायरेक्टर व ट्रांसपोर्टर शामिल हैं। फरार लोगों में नीतेश वाधवानी, श्याम खेमानी, विनय भाटी, रीना भाटी, विनोद शर्मा, देवेंद्र द्विवेदी और रमेश सिंह परिहार शामिल हैं। विभाग ने इन्हें सामने आने के लिए कई समंस भेजे, पर नहीं आए। इधर, संदीप माटा भी फरार है और कोर्ट से उसकी अग्रिम जमानत याचिका निरस्त हो चुकी है। छापे में मेसर्स एलोरा टोबेको से काफी कच्चा माल व पैकिंग मटेरियल मिला है। 25 जून को सप्लायर फिल्टर वाले के यहां जांच की गई, जिसमें पता चला कि यह तीन डमी कंपनियों को माल सप्लाय करना बताती थी, लेकिन वास्तव में यह माल एलोरा को जा रहा था। अनरजिस्टर्ड गोदामों पर भी जांच की गई, जहां पर के-टेन, ए-टेन, इम्पैक्टस, ग्लोबस, फॉरएवर, रेड रोड जैसे ब्रांड का पैकिंग मटेरियल अवैध रूप से जमा किया था। प्रिंटेड मटेरियल सप्लायर ने भी पुष्टि की कि वह एलोरो को माल भेजता था।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री अजेन्द्र तिवारी व श्रीमती सुलेखा तिवारी निवासी फ्लैट नं. 503 गोदावरी अपार्टमेंट एम आर फोर रोड विजय नगर जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं अधिकृत होकर निम्न आम सूचना संपत्ति से बेदखली सूचना प्रकाशित कर रहा हूं। मेरे पक्षकार उपरोक्त पते पर निवास करते हैं मेरे पक्षकारों की स्वामित्व संपत्त फ्लैट नं. 503 गोदावरी अपार्टमेंट, फ्लैट नं. 13 गोपाल विहार अपार्टमेंट व अन्य चल व अचल संपत्ति है। मेरे पक्षकारों की पुत्री हर्षिनी तिवारी के द्वारा अपने कर्त्तव्यों दायित्वों का निर्वाहन कई वर्षों से नहीं किया जा रहा है एवं लगातार शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ने दी जाती है तथा मेरे पक्षकारों से पृथक होकर निवासरत है व संपूर्ण संबंध समाप्त कर चुकी है इस कारण मेरे पक्षकार इस आम सूचना के माध्यम से अपनी पुत्री हर्षिनी तिवारी को उपरोक्त वर्णित संपत्ति व चल अंचल संपत्ति से बेदखल करते हुए तथा यह भी सूचना जाहिर करते हैं कोई भी व्यक्ति संस्था आदि मेरे पक्षकारों की पुत्री से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करते हैं तो इस हेतु हमारी पुत्री स्वयं व संबंधित व्यक्ति स्वमेव जवाबदार होगा इसके लिये मेरे पक्षकार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

दिनांक 3.7.2020 आशीष प्रजापति
अधिवक्ता
1082, आचार्य विनोवा भावे वार्ड
बम्बादेवी मंदिर, जबलपुर
र.नं. 2186 मो. 9301555223

न्यायालय-जी.सी. मिश्रा, उन्नीसवें अपर जिला न्यायाधीश, जबलपुर म.प्र.

एम.जे.सी. क्रं. 437/2020
शशि तिवारी विरुद्ध शोभित तिवारी एवं अन्य

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शशि तिवारी पति श्यामकृष्ण तिवारी, निवासी सिहोरा रोड, खिन्नी जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन धारा 53 मेंटल हेल्थ अधिनियम 1987 के अंतर्गत अपने पौत्र शालीन तिवारी पुत्र शोभित तिवारी जो अवयस्क होकर मानसिक एवं शारीरिक विकलांग हैं, के शरीर एवं संपत्ति का संरक्षक एवं प्रतिपाल्य घोषित किसे जाने हेतु प्रस्तुत किया है जिसमें आदेश दिनांक 01.07.2020 के द्वारा आम सूचना का प्रकाशन किये जाने हेतु आदेश पारित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय को उक्त घोषणा में कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकरण में नियत आगामी तिथि 04.08.2020 या उसके पूर्व इस न्यायालय के समक्ष आवश्यक रुप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

न्यायाधीश
(जी.सी. मिश्रा)
उन्नीसवें अपर जिला न्यायाधीश
जबलपुर म.प्र.
र.नं. 2186

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0055/अ-6/20-21

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कादर खान पिता स्व. मुस्तफा खान नि. 51/3 पुराना रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नं. 107 प्लाटं नं. 61, 63/3 रकबा 970 व.फु. श्रीमती मुस्तरी बेगम पति कादर खान ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनंक 06.01.1997 के आधार पर विक्रेता श्रीमती कौशिलया देवी पति जगदीश से क्रय करने के उपरांत श्रीमती मुस्तरी बेगम की मृत्यु हो जाने के कारण वारसान हक में नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, खसरा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार ब्लॉक नं. 107 प्लाट नं. 61, 63/3 रकवा 970 व.फु. पर के श्रीमती कौशिल्या देवी पति जगदीश कुमार फूटाताल के नाम पर दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09.07.2020 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 26.6.2020 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 26.06.2020
पेशी दिनांक 09.07.2020

तहसीलदार
रांझी जबलपुर
र.नं. 2188

कार्यालय ग्राम पंचायत सिरेगांव जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत लांजी अंर्तगत ग्राम पंचायत सिरेगांव में पंचायत मद से एलईडी स्टैट लाईट लगाई जानी है। इच्छुक व्यक्ति, कंपनी आज दिनांक 05/07/2020 से 10/07/2020 तक कार्यालयीन समय पर संपर्क करे।

निवेदक- ग्राम पंचायत सिरेगांव
जनपद पंचायत लांजी

कार्यालय ग्राम पंचायत फोफसा जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत लांजी अंर्तगत ग्राम पंचायत फोफसा में पंचायत मद से एलईडी स्टैट लाईट लगाई जानी है। इच्छुक व्यक्ति, कंपनी आज दिनांक 05/07/2020 से 10/07/2020 तक कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत फोफसा
जनपद पंचायत लांजी

कार्यालय ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत लांजी अंर्तगत ग्राम पंचायत लाड़सा में पंचायत मद से एलईडी स्टैट लाईट लगाई जानी है। इच्छुक व्यक्ति, कंपनी आज दिनांक 05/07/2020 से 10/07/2020 तक कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत लाड़सा
जनपद पंचायत लांजी

कार्यालय ग्राम पंचायत सावरीकला जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत लांजी अंर्तगत ग्राम पंचायत सावरीकला में पंचायत मद से एलईडी स्टैट लाईट लगाई जानी है। इच्छुक व्यक्ति, कंपनी आज दिनांक 05/07/2020 से 10/07/2020 तक कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत सावरीकला
जनपद पंचायत लांजी

HDFC BANK
We understand your world

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ एचडीएफसी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक अधिग्रहण कर लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण

क्रं.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	समान बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/ फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	**शाखा** - एचडीएफसी बैंक मण्डला एवं खाता - **जय प्रकाश एंड कंपनी**	**श्री जय प्रकाश अग्रवाल एवं श्री जयेश अग्रवाल**	ग्राम बिंझिया प.ह.-23, एनबी:102, आरआईसी मण्डला, खसरा नं. 41/8 का भाग, परिवर्तन के बाद खसरा नं. 4, तेहसील एवं जिला-मण्डला (म.प्र.) स्थित संपत्ति। संपत्ति मालिक : श्री जय प्रकाश अग्रवाल	**रु. 26,98,494.98** / **दिनांक 04/03/2020**	**07/08/2020** एवं समय- प्रातः 10.00 बजे के बाद	**रु. 30,19,000/-** / **रु. 3,01,000/-** / **रु. 10,000/-**	**28/08/2020** प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक	**24/08/2020** सायं 4 बजे तक	**आशिष रावत 9981126266 Ashish.rawat9@hdfcbank.com**

नियम एवं शर्ते

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : 02400930000063, खाता का नाम : FUNDS TO BE CLEARED : DOC SERV, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर कोई भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/करों के बकाए के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री दानिश खान, मोबाईल : 09826804343, 09111444797 एवं श्री हरीश गोवडा मो.: 09594597555,** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 30 दिनी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्र